INTERMEDIATE EXAM
PAPER-4
Cost & Management Accounting

11 MAY 2024

# DHG2(H)

11/05/2024
05:15 PM

Roll No. ..............................

Total No. of Questions – **6**

Total No. of Printed Pages – **24**

Maximum Marks – **70**

## GENERAL INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

1. The question paper comprises two parts, Part I and Part II.
2. Part I comprises Multiple Choice Questions (MCQs).
3. Part II comprises questions which require descriptive type answers.
4. Ensure that you receive the question paper relating to both the parts. If you have not received both, bring it to the notice of the invigilator.
5. Answers to MCQs in Part I are to be marked on the OMR answer sheet as given on the cover page of descriptive answer book only. Answers to questions in Part II are to be written in the same descriptive answer book. Answers to MCQs, if written inside the descriptive answer book or on Part-I Question paper will not be evaluated.
6. OMR answer sheet given on the cover page of descriptive answer book will be in English only for all candidates, including for Hindi medium candidates.
7. **The bar coded sticker provided in the attendance register, is to be affixed only on the descriptive answer book.**
8. You will be allowed to leave the examination hall only after the conclusion of the exam. If you have completed the paper before time, remain in your seat till the conclusion of the exam.
9. Duration of the examination is 3 hours. You will be required to submit (a) Part I of the question paper containing MCQs, and (b) the answer book in respect of descriptive answer book with OMR cover page to the invigilator before leaving the exam hall, after the conclusion of the exam.
10. The invigilator will give you acknowledgement on Page 2 of the admit card, upon receipt of the above-mentioned items.
11. Candidate found copying or receiving or giving any help or defying instructions of the invigilators will be expelled from the examination and will also be liable for further punitive action.

---

## PART – II **70 Marks**

1. Question paper comprises **6** questions. Answer Question No. **1** which is compulsory and any **4** out of the remaining **5** questions.
2. Working notes should form part of the answer.
3. Answers to the questions are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be evaluated.

## PART – II

1. (a) Tesco Cycles Ltd. uses about 3,60,000 cycle locks per annum and the usage is fairly constant at 30,000 per month. The cycle lock costs ₹ 240 each at wholesale rates and carrying cost is estimated to be 10% of the annual average inventory value. The cost to place an order is ₹ 1200. It takes 45 days to receive delivery from the date of order. In order to avoid any kind of disruption in assembly line, safety stock of 6,500 cycle locks is always maintained by Tesco Cycles Ltd. 5

(Assume 360 days in a year).

Compute :

(i) E.O.Q.

(ii) The re-order level.

(iii) The company has been offered a quantity discount of 2% on the purchase of cycle locks provided the order size is 30,000 units at a time. Advise whether quantity discount offer can be accepted ?

(b) A company produces two products, A and B, through a joint production process. The total joint production cost incurred is as under : 5

| | | |
|---|---|---|
| Material | - | ₹20,000 |
| Labour | - | ₹10,000 |
| Variable Overheads | - | ₹ 6,000 |
| Fixed Overheads | - | ₹ 24,000 |

Product A and B can be sold for ₹ 20 per unit and ₹15 per unit respectively at split off point. The produced quantities are Product A - 2,000 units and Product B - 4,000 units.

(i) You are required to calculate the joint production cost allocation for each product using the :

(a) Physical unit method.

(b) Contribution margin method.

(ii) Product B can be further processed by incurring expenditure of ₹12,000. Loss in further processing is 2%. It can be sold @ ₹18 per unit. Explain the impact on profitability if Product B is further processed.

(c) Following data is available for XYZ Ltd. for the month of February 2024 : **4**

| | |
|---|---|
| Standard working hours | 8 hours per day of 6 days per week |
| No. of weeks in the month | 4 |
| Maximum capacity | 150 employees |
| Actual working | 125 employees |
| Actual usage of Budgeted Capacity Ratio | 86% |
| Efficiency Ratio | 110 % |

You are required to calculate the following :

(i) Actual Hours worked.

(ii) Standard Hours for actual output.

(iii) Activity Ratio.

(iv) Standard Capacity Usage Ratio.

2. (a) Luxury Designer Pvt. Ltd. is a manufacturing company, which manufactures readymade designer shirts. It has four customers: two wholesale category customers and two retail category customers. It has developed the following Activity-Based Costing system : **8**

| Activity | Cost Driver Rate (₹) |
|---|---|
| Order Processing | 1,260 per purchase order |
| Customer Visits | 1,500 per customer visit |
| Regular Delivery | 30 per delivery Km. travelled |
| Expedited Delivery | 4,490 per expedited delivery |

List selling price per shirt is ₹ 1,000 and average cost per shirt is ₹ 600. CEO of Luxury Designer Pvt. Ltd. wants to evaluate the profitability of each of the four customers for the year 2023, to explore opportunities for increasing profitability of his Company in the next year 2024. The following data in context of four customers are available for 2023 :

| | Wholesale Customers | | Retail Customers | |
|---|---|---|---|---|
| | WC-1 | WC-2 | RC-1 | RC-2 |
| Number of Purchase orders | 50 | 65 | 224 | 245 |
| Number of Customer visits | 10 | 13 | 25 | 22 |
| Regular Deliveries | 46 | 52 | 175 | 198 |
| Kilometers travelled per delivery | 20 | 15 | 10 | 25 |
| Expedited Deliveries | 5 | 16 | 50 | 62 |
| Average Number of Shirts per order | 215 | 110 | 18 | 15 |
| Average Selling Price per Shirt | ₹ 700 | ₹ 800 | ₹ 900 | ₹ 950 |

You are required to :

Calculate the customer-level operating income and operating income as a % of revenues in 2023 and rank them on the basis of relative profitability.

(b) Star Airlines operates a single aircraft of 180 seats capacity between city 'ND' and 'GA'. The average normal occupancy is estimated at 70% per flight. The average one-way fare is ₹12,500 from city 'ND' to 'GA'. The costs of operation of the flight as collected by an expert analyst are : 6

| | |
|---|---|
| Fuel cost (Variable) per flight from 'ND' to 'GA' | ₹ 2,28,000 per flight |
| Food served on flight from 'ND' to 'GA' (no charge to passenger) | ₹ 270 per passenger |
| Commission paid to Travel Agents (All ticket booking through agents) | 7.5% of fare |
| **Fixed costs :** | |
| Lease & landing charges per flight 'ND' to 'GA' | ₹ 9,12,000 |
| Salaries of flight crew per flight 'ND' to 'GA' | ₹ 90,000 |

Note : Assume that fuel costs are unaffected by the actual number of passengers on a flight.

You are required to :

(i) Calculate the net operating income that Star Airlines makes per flight from 'ND' to 'GA'.

(ii) Star Airlines expects that its occupancy will increase to 144 passengers per flight if the fare is reduced to ₹ 11,670. Advise whether this proposal should be implemented or not.

3. (a) A factory is currently working at 60% capacity and produces 12,000 units of a product. Management is thinking to increase the working capacity either to 70% or 90% level. It is estimated that at both the levels, it will be able to sell all the produced units. The other details are as under : 7

- At 70% capacity, the cost of raw materials increases by 4% and the selling price falls by 3%.
- At 90% capacity, the cost of raw materials increases by 5% and selling price falls by 4%.
- At 60% capacity, the product cost is ₹ 360 per unit and it is sold at ₹ 400 per unit.
- The unit cost of ₹ 360 consists of the following :

| | | |
|---|---|---|
| Material | - | ₹ 200 |
| Labour | - | ₹ 60 |
| Factory overhead | - | ₹ 60 (50% fixed) |
| Administrative & Selling overhead | - | ₹ 40 (60% fixed) |

- Additional advertising cost of ₹ 20,000 is to be incurred for selling the product above 80% capacity.

You are required to :

(i) Calculate the profits of the company when the factory works at 60%, 70% and 90% capacity level.

(ii) Offer your comments regarding increase in the capacity based on profit calculated.

(b) S.K. Manufacturing Co. Ltd. showed a net profit of ₹ 5,40,400 as per their cost accounts for the year ended 31.03.2024. However, the financial books disclosed a net profit of ₹ 2,60,500 for the same period. The following information was revealed as a result of scrutiny of the figures of both the sets of books: 7

| | ₹ |
|---|---|
| Factory overheads under absorbed | 84,800 |
| Administrative overheads over absorbed | 24,000 |
| Interest paid on bank borrowings | 50,000 |
| Interest & Dividend received | 65,200 |
| Notional rent of own premises charged in cost accounts | 60,000 |
| Losses on the sales of fixed assets and investments | 48,000 |
| Donations and subscriptions | 18,800 |
| Overvaluation of closing stock of finished goods in Cost accounts | 1,25,000 |
| Store adjustments (credited in financial books) | 7,500 |
| Depreciation over charged in cost accounts | 40,000 |
| Income tax provided | 1,50,000 |

You are required to :

(i) Prepare a reconciliation statement taking net profit as per cost accounts as base.

(ii) State when is the reconciliation statement of Cost and Financial accounts not required ?

4. (a) Meta Company Ltd. is engaged in the production of product 'Trio' which passes through two different processes – Process P and Process Q. Other information obtained from books of account for the year is as follows : 8

| Particulars | Process P | Process Q |
|---|---|---|
| Raw material used | 10,000 | -- |
| Raw material cost per unit | ₹ 80 | -- |
| Direct wages | ₹ 52,000 | ₹ 78,000 |
| Direct Expenses | ₹ 8,600 | ₹ 11,100 |
| Selling price per unit of output | ₹ 130 | ₹ 190 |

Production overheads of ₹ 3,00,000 are recovered as percentage of direct wages.

Actual output of the two processes was :

P – 9,200 units and Q-6,400 units. 3/4th of the output of Process P was passed on to the Process Q and the balance was sold. The entire output of process Q was sold.

Management & Selling expenses during the year were ₹1,70,000. These are not allocable to the processes.

The normal loss of the two processes, calculated on the input of every process was :

Process P - 6% and Process Q -10%

The Loss of Process P was sold at ₹ 5 per unit and that of Q at ₹ 8 per unit. Assume that Process P and Process Q are not the responsibility centres.

You are required to prepare :

(i) Process P Account

(ii) Process Q Account

(iii) Abnormal Loss and Abnormal Gain Account

(iv) Costing Profit & Loss Account.

(b) The cost variance report was being discussed at a review meeting where in Cost Accountant of the company reported under-absorption of production overheads. 6

The following information was available from the cost records of the company at the end of financial year 2023-24 :

- Actual production overheads incurred were ₹ 4,50,000 which included ₹ 42,000 on account of 'written off' obsolete stores.
- 18,000 units were produced during the year out of which 10,000 units were sold and 8,000 units of finished goods were in stock.
- There were also 5,000 units in progress which may be reckoned as 40% complete.
- The actual machine hours worked during the period were 43,000.

ABC Ltd. absorbs the production overheads at a predetermined rate of ₹ 8 per machine hour.

On investigation, it has been found that 20% of the under-absorption of production overheads was due to defective planning and the rest was attributable to normal increase in costs of indirect materials and indirect labour.

You are required to :

(i) Calculate the amount of under-absorption of production overheads during the year 2023-24; and

(ii) Show the treatment of under-absorption of production overheads in cost accounts.

5. (a) Super Ltd, a manufacturing company is facing the problem of high labour turnover in the factory. Before analysing the causes and taking remedial steps, the management of the company wants to ascertain the profit lost for the year 2022-23 on account of labour turnover. For this purpose, it has given you the following information : 6

(i) Sales for the last year 2022-23 was ₹ 2,16,80,000 and P/V ratio was 15%.

(ii) The total number of actual hours worked by the direct labour force was 5,00,000 hours. The actual direct labour hours included 60,000 hours attributable to training new recruits, out of which 40% of the hours were unproductive.

(iii) Due to delays by the Personnel Department in filling vacancies on account of labour turnover, 95,000 potential productive hours (excluding unproductive training hours) were lost.

(iv) 1,500 units of the output produced during training period were defective. Cost of rectification of defective units was ₹ 40 per unit.

(v) Settlement cost of the workers leaving the organization was ₹ 2,37,880.

(vi) Recruitment and Selection cost was ₹ 1,40,000.

(vii) Cost of Training and Induction was ₹ 1,61,950.

Assuming that the potential production lost as a consequence of labour turnover could have been sold at prevailing prices, find the profit lost for the year 2022-23 on account of labour turnover.

(b) The following information is given by PQR Ltd : 4

| Year | Sales (₹) | Profit/(Loss) (₹) |
|---|---|---|
| 2022-23 | 1,80,00,000 | (3,80,000) |
| 2023-24 | 2,40,00,000 | 11,20,000 |

You are required to :

(i) Calculate the Break even sales.

(ii) In 2024-25, it is estimated that the variable cost will go up by 5% and fixed cost will reduce by ₹ 4,80,000. Selling price will remain same. Calculate the sales volume to earn a profit of ₹ 15,00,000.

(c) Discuss Feedback Control and Feedforward Control system of budgetary control. 4

6. (a) Distinguish between cost control and cost reduction. 5

(b) Distinguish between Waste and Scrap. Discuss the treatment of normal and abnormal scrap in Cost Accounts. 5

(c) Describe Unit Costing and Batch Costing. Give three examples of industries for each method where these are used. 4

**OR**

(c) Describe briefly idle time and explain the treatment of idle time in cost accounts in following situations : 4

(i) The setting up time for the machine in case of Direct Worker Mr. A.

(ii) Normal break time for lunch in case of Indirect Worker Mr. B.

(iii) Time lost due to breakdown of machine in case of Worker Mr. C.

## PART – II

### (Hindi Version)

1. (a) Tesco Cycles Ltd. प्रति वर्ष लगभग 3,60,000 साइकिल ताले उपयोग करती है तथा यह उपयोग 30,000 ताले प्रति माह पूर्णत: स्थिर है । थोक-बिक्री दर पर साइकिल ताले की लागत ₹ 240 प्रति ताला है तथा वहन लागत (carrying cost) वार्षिक औसत इन्वेन्ट्री मूल्य का 10% अनुमानित है । एक आदेश देने की लागत (ordering cost) ₹ 1,200 है । माल की सुपुर्दगी प्राप्त करने में आदेश तिथि से 45 दिन लगते हैं । असेम्बली लाइन में किसी प्रकार की बाधा से बचने हेतु कम्पनी द्वारा हमेशा 6,500 साइकिल तालों का सुरक्षा स्टॉक (safety stock) रखा जाता है । (एक वर्ष में 360 दिन मानिये) 5

गणना कीजिए :

(i) आर्थिक आदेश मात्रा (E.O.Q.)

(ii) पुन:आदेश स्तर

(iii) कम्पनी को साइकिल तालों की खरीद पर 2% की मात्रा छूट की पेशकश की गई है, बेशर्ते आदेश का आकार एक समय में 30,000 इकाइयाँ है ।
सलाह दीजिए कि क्या मात्रा छूट की पेशकश स्वीकार की जा सकती है ।

(b) एक कम्पनी संयुक्त उत्पादन प्रक्रिया द्वारा दो उत्पादों A तथा B का उत्पादन करती है । कुल संयुक्त उत्पादन लागत निम्न प्रकार की गई : 5

| | | |
|---|---|---|
| सामग्री | - | ₹ 20,000 |
| श्रम | - | ₹ 10,000 |
| परिवर्तनशील उपरिव्यय | - | ₹ 6,000 |
| स्थिर उपरिव्यय | - | ₹ 24,000 |

उत्पाद A तथा B को क्रमशः ₹ 20 प्रति इकाई तथा ₹ 15 प्रति इकाई विभाजित बिन्दु (split off point) पर बेचा जा सकता है। उत्पादित की गई मात्राएँ हैं :

उत्पाद A – 2,000 इकाइयाँ एवं उत्पाद B – 4,000 इकाइयाँ

(i) आपसे अपेक्षित है कि निम्न द्वारा प्रत्येक उत्पाद के लिए संयुक्त उत्पादन लागत के विभाजन की गणना करें :

(a) भौतिक इकाई विधि

(b) अंशदान सीमान्त विधि

(ii) उत्पाद B को ₹ 12,000 खर्च कर आगे प्रक्रियाधीन (further processed) किया जा सकता है। आगे प्रक्रिया में 2% हानि है। बाद में, इसे @ ₹18 प्रति इकाई बेचा जा सकता है। यदि उत्पाद B को आगे प्रक्रियाधीन किया जाता है तो लाभदायकता पर प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

(c) XYZ Ltd. के लिए निम्नलिखित आँकड़े माह फरवरी 2024 के लिए उपलब्ध हैं : 4

| | |
|---|---|
| मानक कार्य-घण्टे | प्रति सप्ताह 6 दिन प्रति दिन 8 घण्टे |
| माह में सप्ताहों की संख्या | 4 |
| अधिकतम क्षमता | 150 कर्मचारी |
| वास्तविक कार्य | 125 कर्मचारी |
| बजट क्षमता अनुपात का वास्तविक उपयोग | 86% |
| दक्षता अनुपात | 110 % |

आपसे निम्न की गणना अपेक्षित है :

(i) वास्तविक कार्य घंटे

(ii) वास्तविक उत्पादन हेतु मानक घंटे

(iii) क्रियाकलाप अनुपात

(iv) मानक क्षमता उपयोगिता अनुपात

2. (a) Luxury Designer Pvt. Ltd. एक विनिर्माणी कम्पनी है जो रेडीमेड डिजाइनर शर्ट्स का निर्माण करती है । इसके चार ग्राहक हैं : 8

दो थोक संवर्ग ग्राहक तथा दो खुदरा संवर्ग ग्राहक । कम्पनी ने निम्नलिखित गतिविधि आधारित लागत निर्धारण पद्धति विकसित की है :

| गतिविधि | लागत संचालन दर (₹) |
|---|---|
| आदेश लेना | 1,260 प्रति क्रय आदेश |
| आने वाले ग्राहक | 1,500 प्रति आने वाला ग्राहक |
| निरन्तर वितरण | 30 प्रति वितरण किमी. की यात्रा |
| त्वरित वितरण | 4,490 प्रति त्वरित वितरण |

सूची विक्रय मूल्य प्रति शर्ट ₹ 1,000 तथा प्रति शर्ट औसत लागत ₹ 600 है । Luxury Designer Pvt. Ltd. का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) अगले वर्ष 2024 में अपनी कम्पनी की लाभदायकता में वृद्धि की संभावनाओं की तलाश हेतु वर्ष 2023 के लिए अपने चारों ग्राहकों में प्रत्येक की लाभदायकता का मूल्यांकन करना चाहता है ।

निम्नलिखित समंक वर्ष 2023 के लिए चारों ग्राहकों के संदर्भ में उपलब्ध हैं :

| | थोक संवर्ग ग्राहक (Wholesale Customers – WC) | | खुदरा ग्राहक (Retail Customers – RC) | |
|---|---|---|---|---|
| | WC-1 | WC-2 | RC-1 | RC-2 |
| कुल क्रय आदेशों की संख्या | 50 | 65 | 224 | 245 |
| आने वाले ग्राहकों की कुल विजिट संख्या | 10 | 13 | 25 | 22 |
| निरन्तर वितरणों की संख्या | 46 | 52 | 175 | 198 |
| प्रति वितरण किमी. यात्रा | 20 | 15 | 10 | 25 |
| त्वरित वितरणों की संख्या | 5 | 16 | 50 | 62 |
| प्रति आदेश औसत शर्ट्स की संख्या | 215 | 110 | 18 | 15 |
| प्रति शर्ट औसत विक्रय मूल्य | ₹ 700 | ₹ 800 | ₹ 900 | ₹ 950 |

आपसे अपेक्षित है :

कम्पनी की 2023 में ग्राहक–स्तरीय प्रचालन आय (operating income) और राजस्व के % के रूप में प्रचालन आय तथा संबंधित लाभदायकता के आधार पर इनकी रैंकिंग कीजिए ।

(b) स्टॉर एयरलाईन्स शहर 'ND' तथा 'GA' के मध्य 180 सीट क्षमता के एक विमान का संचालन करती है । औसत सामान्य अधिभोग (Average normal occupancy) प्रति उड़ान 70% अनुमानित है । शहर 'ND' से 'GA' तक एक तरफ का औसत किराया ₹12,500 है । एक विशेषज्ञ विश्लेषक द्वारा एकत्र आधार पर प्रति उड़ान संचालन लागत है : 6

| | |
|---|---|
| ईंधन लागत (चल) प्रति उड़ान शहर 'ND' से 'GA' तक | ₹ 2,28,000 प्रति उड़ान |
| शहर 'ND' से 'GA' के मध्य उड़ान में वितरित खाद्य सामग्री (यात्री से चार्ज नहीं) | ₹ 270 प्रति यात्री |
| यात्रा एजेन्ट को कमीशन भुगतान (सभी टिकट एजेन्ट के माध्यम से बुक) | 7.5% किराये का |
| **स्थिर लागतें :** | |
| 'ND' से 'GA' तक प्रति उड़ान पट्टा एवं लैंडिंग व्यय | ₹ 9,12,000 |
| 'ND' से 'GA' तक प्रति उड़ान, उड़ान क्रू का वेतन | ₹ 90,000 |

**नोट :** मानिये कि ईंधन लागतें उड़ान में वास्तविक यात्रियों की संख्या से अप्रभावित रहती हैं।

आपसे अपेक्षित है :

(i) स्टॉर एयरलाईन्स द्वारा 'ND' से 'GA' तक प्रति उड़ान शुद्ध परिचालन आय (Net operating income) की गणना कीजिए।

(ii) स्टॉर एयरलाईन्स यह अपेक्षा करती है कि यदि किराया ₹ 11,670 तक कम कर दिया जाये तो यात्री अधिभोग 144 यात्रियों तक बढ़ जायेगा। सलाह दीजिए कि इस प्रस्ताव को लागू किया जाये अथवा नहीं।

3. (a) एक कारखाना वर्तमान में 60% क्षमता पर कार्य करते हुए एक उत्पाद की 12,000 इकाइयाँ उत्पादित करता है। प्रबन्धन इसकी कार्यक्षमता को 70% अथवा 90% स्तर पर बढ़ाने का विचार कर रहा है। यह अनुमानित है कि दोनों ही स्तरों पर कम्पनी सभी उत्पादित इकाइयों को बेचने में सक्षम होगी। अन्य सूचनाएँ निम्न प्रकार हैं : 7

- 70% क्षमता पर कच्चे माल की लागत में 4% वृद्धि तथा विक्रय मूल्य में 3% की कमी होती है ।
- 90% क्षमता पर, कच्चे माल की लागत में 5% वृद्धि तथा विक्रय मूल्य में 4% की कमी होती है ।
- 60% क्षमता पर, उत्पाद की प्रति इकाई लागत ₹ 360 है तथा इसे ₹ 400 प्रति इकाई पर बेचा जाता है ।
- इकाई लागत ₹ 360 में निम्न शामिल हैं :

| | | |
|---|---|---|
| सामग्री | - | ₹ 200 |
| श्रम | - | ₹ 60 |
| कारखाना उपरिव्यय | - | ₹ 60 (50% स्थिर) |
| प्रशासनिक एवं विक्रय उपरिव्यय | - | ₹ 40 (60% स्थिर) |

- 80% क्षमता के ऊपर उत्पाद को बेचने पर अतिरिक्त विज्ञापन लागत ₹ 20,000 होगी ।

आपसे अपेक्षित है :

(i) कम्पनी के लाभ की गणना कीजिए जब कारखाना 60%, 70% और 90% क्षमता पर कार्य करता है ।

(ii) गणना किये गये लाभ के आधार पर क्षमता में वृद्धि के सम्बन्ध में अपने विचार दीजिए ।

(b) S.K. Manufacturing Co. Ltd. ने 31.03.2024 को समाप्ति वर्ष के लिए अपने लागत लेखों के अनुसार ₹ 5,40,400 का शुद्ध लाभ दिखाया । यद्यपि, वित्तीय लेखों ने इसी अवधि के लिए ₹ 2,60,500 के शुद्ध लाभ का खुलासा किया । लेखों के दोनों सेटों के आँकड़ों की जाँच के परिणामस्वरूप निम्नलिखित जानकारी सामने आई : 7

| | ₹ |
|---|---|
| कारखाना उपरिव्यय न्यून अवशोषण | 84,800 |
| प्रशासनिक उपरिव्यय अधि अवशोषण | 24,000 |
| बैंक से उधार पर ब्याज का भुगतान | 50,000 |
| ब्याज एवं लाभांश की प्राप्ति | 65,200 |
| लागत लेखों में स्वयं की सम्पत्ति पर काल्पनिक किराया वसूल | 60,000 |
| स्थायी सम्पत्तियों एवं विनियोगों के विक्रय पर हानि | 48,000 |
| दान एवं शुल्क | 18,800 |
| लागत लेखों में तैयार माल के अन्तिम स्टॉक का अधि–मूल्यांकन | 1,25,000 |
| स्टोर समायोजन (वित्तीय खातों में जमा) | 7,500 |
| लागत लेखों में ह्रास की अधिक वसूली | 40,000 |
| आयकर दिया | 1,50,000 |

अपेक्षित है :

(i) लागत लेखों के अनुसार शुद्ध लाभ को आधार मानकर मिलान विवरण–पत्र (Reconciliation statement) तैयार कीजिए ।

(ii) बताइये कि कब लागत एवं वित्तीय लेखों के मिलान विवरण–पत्र की आवश्यकता नहीं होती है ।

4. (a) Meta Company Ltd. उत्पाद 'Trio' के उत्पादन में संलग्न है जो दो भिन्न प्रक्रियाओं – प्रक्रिया P तथा प्रक्रिया Q से गुजरता है । वर्ष के लिए लेखा पुस्तकों से प्राप्त अन्य सूचनाएँ निम्न हैं : 8

| विवरण | प्रक्रिया P | प्रक्रिया Q |
|---|---|---|
| प्रयुक्त कच्चा माल (इकाइयाँ) | 10,000 | -- |
| प्रति इकाई कच्चे माल की लागत | ₹ 80 | -- |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | ₹ 52,000 | ₹ 78,000 |
| प्रत्यक्ष व्यय | ₹ 8,600 | ₹ 11,100 |
| उत्पाद का प्रति इकाई विक्रय मूल्य | ₹ 130 | ₹ 190 |

₹ 3,00,000 के उत्पादन उपरिव्यय प्रत्यक्ष मजदूरी के प्रतिशत के आधार पर वसूल किये गये।

दोनों प्रक्रियाओं का वास्तविक उत्पादन था :

P – 9,200 इकाइयाँ तथा Q – 6,400 इकाइयाँ। प्रक्रिया P का तीन–चौथाई उत्पादन प्रक्रिया Q को भेजा गया तथा शेष को बेचा गया। प्रक्रिया Q का समस्त उत्पादन बेच दिया गया। वर्ष के दौरान प्रबन्धन एवं विक्रय व्यय ₹1,70,000 थे। ये व्यय प्रक्रियाओं पर वितरण योग्य नहीं हैं।

प्रत्येक प्रक्रिया के आगम (input) के आधार पर गणना की गयी दोनों प्रक्रियाओं की सामान्य हानि थी :

प्रक्रिया P - 6% तथा प्रक्रिया Q -10%

प्रक्रिया P की हानि को ₹ 5 प्रति इकाई तथा प्रक्रिया Q की हानि को ₹ 8 प्रति इकाई बेचा गया। मानिये कि प्रक्रिया P तथा प्रक्रिया Q जिम्मेदारी केन्द्र नहीं हैं।

आपसे निम्न तैयार करने की अपेक्षा है :

(i) प्रक्रिया P खाता

(ii) प्रक्रिया Q खाता

(iii) असाधारण हानि तथा असाधारण लाभ खाते

(iv) लागत लाभ–हानि खाता।

(b) एक पुन: परीक्षण बैठक में लागत विचरण रिपोर्ट पर विचार किया गया जिसमें कम्पनी के लागत लेखापाल ने उत्पादन उपरिव्ययों के न्यून-अवशोषण (under absorption) की जानकारी दी। 6

वित्तीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति पर कम्पनी के लागत लेखों से निम्न सूचना उपलब्ध थी :

- वास्तविक उत्पादन उपरिव्यय ₹ 4,50,000 किये गये जिनमें ₹ 42,000 के 'अपलिखित' (written off) लुप्तप्राय स्टोर्स शामिल हैं।
- वर्ष के दौरान 18,000 इकाइयाँ उत्पादित की गई जिनमें से 10,000 इकाइयाँ बेची गई तथा शेष 8,000 इकाइयाँ तैयार माल स्टॉक में था।
- साथ ही, 5,000 इकाइयाँ कार्यशील इकाइयों के रूप में थी जिन्हें 40% पूर्ण माना जा सकता है।
- इस अवधि में वास्तविक कार्यशील मशीन घंटे 43,000 थे।

ABC Ltd. उत्पादन उपरिव्ययों का अवशोषण पूर्व निर्धारित ₹ 8 मशीन घण्टा दर पर करती है।

अन्वेषण पर ज्ञात हुआ कि न्यून-अवशोषित उत्पादन उपरिव्ययों का 20% दोषपूर्ण योजना बनाने के कारण था तथा शेष के लिए अप्रत्यक्ष सामग्री तथा अप्रत्यक्ष श्रम की लागतों में सामान्य वृद्धि को उत्तरदायी ठहराया गया।

आपसे अपेक्षित है :

(i) वर्ष 2023-24 के दौरान उत्पादन उपरिव्ययों की न्यून-अवशोषण राशि ज्ञात करना, तथा

(ii) लागत लेखों में न्यून-अवशोषित उत्पादन उपरिव्ययों के उपचार को दर्शाना।

5. (a) Super Ltd. एक निर्माणी कम्पनी है जो कारखाने में उच्च श्रम निकासी (High Labour Turnover) की समस्या से चिंतित है। कम्पनी का प्रबन्धन कारणों का विश्लेषण करने तथा उपचारात्मक कदम उठाने से पहले वर्ष 2022-23 में श्रम निकासी के कारण लाभ की हानि ज्ञात करना चाहता है। इस उद्देश्य से, कम्पनी ने आपको निम्न सूचनाएँ दी हैं : 6

(i) गत वर्ष 2022-23 के लिए बिक्री ₹ 2,16,80,000 तथा लाभ-मात्रा अनुपात (P/V ratio) 15% था।

(ii) प्रत्यक्ष श्रम बल द्वारा वास्तविक कार्य घण्टों की कुल संख्या 5,00,000 घंटे थी। वास्तविक प्रत्यक्ष श्रम घंटों में नई भर्तियों के प्रशिक्षण के 60,000 घंटे शामिल हैं, जिनमें से 40% घंटे अनुत्पादक थे।

(iii) श्रम निकासी के कारण रिक्तियों को भरने में कार्मिक विभाग द्वारा देरी के परिणामस्वरूप 95,000 संभावित उत्पादक घंटे (गैर–उत्पादक प्रशिक्षण घंटों को छोड़कर) खो गये।

(iv) प्रशिक्षण अवधि के दौरान उत्पादित 1,500 इकाइयाँ दोषपूर्ण थी। दोष के सुधार की लागत ₹ 40 प्रति इकाई थी।

(v) संस्था को छोड़कर जाने वाले श्रमिकों के निपटान (settlement) की लागत ₹ 2,37,880 थी।

(vi) भर्ती एवं चयन की लागत ₹ 1,40,000 थी।

(vii) प्रशिक्षण एवं आगमन की लागत ₹ 1,61,950 थी।

मानिये कि श्रम निकासी के परिणामस्वरूप खोये गये संभावित उत्पादन को प्रचलित मूल्य पर बेचा जा सकता था। श्रम निकासी के कारण वर्ष 2022-23 में हानि हुए लाभ को ज्ञात कीजिए।

(b) PQR Ltd द्वारा निम्न सूचना दी गई है : 4

| वर्ष | बिक्री (₹) | लाभ/(हानि) (₹) |
|---|---|---|
| 2022-23 | 1,80,00,000 | (3,80,000) |
| 2023-24 | 2,40,00,000 | 11,20,000 |

आपसे अपेक्षित है :

(i) सम–विच्छेद बिक्री (Break even sales) की गणना कीजिए।

(ii) वर्ष 2024-25 में, अनुमानित है कि परिवर्तनशील लागत में 5% की वृद्धि होगी तथा स्थिर लागत ₹ 4,80,000 से कम होगी। विक्रय मूल्य समान रहेगा। ₹ 15,00,000 लाभ कमाने के लिए विक्रय मात्रा (Sales Volume) की गणना कीजिए।

(c) बजटीय नियन्त्रण की प्रतिपुष्टि नियन्त्रण तथा विपरीत प्रतिपुष्टि नियन्त्रण पद्धति पर चर्चा कीजिए। 4

6. (a) लागत नियन्त्रण तथा लागत में कमी में अन्तर स्पष्ट कीजिए । 5

(b) अपशिष्ट (waste) तथा रद्दी (scrap) में अन्तर बतलाइये । लागत लेखों में सामान्य तथा असामान्य अपशिष्ट के व्यवहार (treatment) को बतलाइये । 5

(c) इकाई लागत (Unit Costing) तथा बैच लागत (Batch Costing) को स्पष्ट कीजिए । प्रत्येक विधि के लिए तीन उद्योगों के उदाहरण दीजिए जहाँ पर इन्हें प्रयुक्त किया जाता है । 4

**अथवा**

(c) निष्क्रिय समय का संक्षेप में वर्णन कीजिए तथा निम्न स्थितियों में लागत लेखों में निष्क्रिय समय के व्यवहार को स्पष्ट कीजिए : 4

(i) प्रत्यक्ष श्रमिक मिस्टर A के मामले में मशीन की स्थापना का समय ।

(ii) अप्रत्यक्ष श्रमिक मिस्टर B के मामले में दोपहर भोजन के लिए सामान्य विश्राम का समय ।

(iii) श्रमिक मिस्टर C के मामले में मशीन के बन्द होने पर खोया गया समय ।

# DHG2(H)

रोल नं. ...........................

कुल प्रश्नों की संख्या – 6

कुल पृष्ठ – 24

अधिकतम अंक – 70

## अभ्यर्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. प्रश्न-पत्र के दो भाग हैं, Part-I और Part-II.
2. Part-I में बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं ।
3. Part-II में वर्णनात्मक प्रकार के उत्तर की अपेक्षा वाले प्रश्न हैं ।
4. सुनिश्चित करें कि दोनों भागों से संबंधित प्रश्न-पत्र आपने प्राप्त किया है । यदि आपने दोनों भाग प्राप्त नहीं किये हैं तो निरीक्षक के ध्यान में लावें।
5. Part-I के प्रश्नों के उत्तर केवल OMR उत्तर-पत्र पर चिह्नित करने हैं जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । Part-II के प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका में लिखने हैं । बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के भीतर या Part-I बहुविकल्पीय प्रश्न-पुस्तिका में लिखने पर उनका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. OMR उत्तर-पत्र, जो कि वर्णनात्मक उत्तर-पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर दिया गया है । सभी अभ्यर्थियों के लिए, हिंदी माध्यम के अभ्यर्थियों सहित, केवल अंग्रेजी में होगा ।
7. **उपस्थिति पंजीयक में दिया बार कोड स्टीकर वर्णनात्मक प्रकार उत्तर-पुस्तिका पर लगाया जाएगा ।**
8. परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् ही आपको परीक्षा कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी । यदि आपने समय से पूर्व पेपर पूर्ण कर लिया है तो भी आपको अपनी सीट पर ही बैठना होगा ।
9. परीक्षा की अवधि 3 घंटे है । आपको परीक्षा की समाप्ति के पश्चात् परीक्षा कक्ष छोड़ने के पूर्व निरीक्षक को (a) बहुविकल्पीय प्रश्नों वाले प्रश्न-पत्र का Part-I और (b) वर्णनात्मक उत्तरों वाली उत्तर-पुस्तिका मुख्य पृष्ठ सहित जमा कराना आवश्यक है ।
10. उपर्युक्त दर्शित सामग्री की प्राप्ति पर, निरीक्षक प्रवेश-पत्र के पृष्ठ 2 पर अभिस्वीकृति प्रदान करेगा ।
11. अभ्यर्थी नकल करते या किसी प्रकार की सहायता देते या प्राप्त करते या निरीक्षक के निर्देशों की अवज्ञा करते पाया गया, तो परीक्षा से निष्कासित कर दिया जाएगा और इसके अतिरिक्त दंडात्मक कार्यवाही के लिए भी उत्तरदायी होगा ।

---

**भाग – II** **70 अंक**

1. भाग-II में 6 प्रश्न हैं । प्रश्न संख्या 1 अनिवार्य है तथा शेष 5 प्रश्नों में से किन्हीं 4 का उत्तर देना है ।
2. कार्यशील टिप्पणियाँ उत्तर का भाग मानी जायेंगी ।
3. उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देने हैं । वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है, तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।